श्री जय नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

(Accredited Grade'A' by NAAC)

प्रेस–विज्ञप्ति

24.07.2023

श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के प्राचार्य प्रो0 विनोद चन्द्रा ने आज एक प्रेस–विज्ञप्ति में बताया कि सत्र 2023–24 हेतु महाविद्यालय में संचालित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रकिया चल रही है। इसके साथ ही अभी परास्नातक पाठ्यक्रमों यथा–एम0ए0(हिन्दी, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र), एम0कॉम0(प्योर कॉमर्स एवं अप्लाईड इकोनॉमिक्स), एम0एस–सी0(भौतिकशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र) तथा एल0एल0बी0 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन लिये जा रहें हैं।

प्रो0 चन्द्रा ने यह भी बताया कि स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में जो सीटें अभी रिक्त रह गयी हैं उनके लिए एक अवसर पुनः प्रदान करते हुए आवेदन लिये जायेंगे। अभ्यर्थी स्नातक स्तर में बी0एस–सी0(मैथ्स) तथा बी0एस–सी0(सांख्यिकी) में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बी0ए0, बी0कॉम0 में ई0डब्ल्यू0एस0 के अभ्यर्थी तथा बी0एस–सी0(बायो) में अनुसूचित जाति एवं ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 27 जुलाई, 2023 निर्धारित की गयी है।

(प्रो0 विनोद चन्द्रा)
प्राचार्य / संयोजक
प्रवेश समिति